# राष्ट्रीय सेवा योजना
# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः 03 /पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2025–26 दिनांक– 07.04.2025

प्रेषक–

**डॉ0 राज बहादुर यादव**
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–मो0 नं0–9452981191

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय–डॉ0 बी0 आर0 आम्बेडकर जयंती उत्सव आयोजित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली के पत्र P-32-1/NSS/DTE/2024/894-910 दिनांक–02.04.2025 एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या–15–01/रा0से0यो0/क्षेनि/लख/2025–26/167–327 दिनांक 03.04.2025 तथा शासन के पत्र संख्या 136/सत्तर–रा0से0यो0को0–2025 दिनांक 04.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा **डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।** उक्त के सम्बन्ध मे प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा **महाविद्यालय के आसपास डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर के प्रमुख स्मारक/प्रतिमाओं के गॉवों को कवर करते हुए अपने महाविद्यालय की प्रत्येक इकाई द्वारा पदयात्रा आयोजित करते हुए माय भारत के अन्तर्गत गतिविधियॉ आयोजित किया जाना अपेक्षित है, तथा अधिक से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों एवं अन्य लोगों के साथ इस पदयात्रा का नेतृत्व किया जाना है।**

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अपने **महाविद्यालय में स्वयंसेवकों की मदद से संविद्यान आधारित प्रस्तावना, प्रश्नोत्तरी, सेमिनार एवं शपथ समारोह आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें तथा समस्त इकाईयों द्वारा माय भारत पोर्टल पर शपथ कार्यक्रम को प्रदर्शित किया जाना है।**

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी, द्वारा अपने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गये गॉवों तथा आसपास बाजारों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा **डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर जयंती उत्सव कार्यक्रम की जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।**

उक्त कार्यक्रम के आयोजन के उपरान्त रिपोर्ट/आख्या (फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग एवं डाटा **विवरण सहित**) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के ई–मेल nssrclucknow@yahoo.com पर एवं शासन के ई–मेल upsno.luck@gmail.com पर तथा कार्यक्रम समन्वयक वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई–मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर प्रेषित करें। कार्यक्रम हेतु My Bharat Portal एवं NSS का Logo सहित बैनर का प्रयोग करते हुए आयोजित कार्यक्रम/गतिविधियों का My Bharat Portal पर Event Create अवश्य किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारतसरकार, युवाकार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं. –1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विषेश कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
5. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक